संक्षिप्त

स्कूल में भामाशाह ने की एलईडी भेंट

श्रीमाधोपुर । ग्राम नांगल के राजकीय महात्मा गांधी सीनियर सैकंडरी स्कूल में डिजिटल अध्यापन कार्य हेतु भामाशाह ने एलईडी टीवी प्रदान की। आदर्श एनजीओ के कृष्ण कुमार यादव ने प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार सैनी को अध्यापन में सहायतार्थ एलईडी टीवी भेंट किया। इसी विद्यालय को सेवानिवृत्त पटवारी गुमान सिंह शेखावत और मुकेश कुमार स्वामी ने भी एक -एक स्मार्ट एलईडी टीवी प्रदान किया। इस मौके पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिंह शेखावत , कैलाश यादव,पूर्व प्राचार्य भोलाराम बल्डवाल, सुरेश यादव, अनिता वर्मा, फूलचंद यादव,विकास नामदेव सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे। जितेंद्र टीलावत ने भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक और शिक्षार्थी की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भामाशाहों की यह पहल अनुकरणीय उदाहरण पेश करती है।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्त संग्रह

श्रीमाधोपुर । स्वर्गीय मखनलाल सैनी प्रिंसिपल राम प्रताप सांवरमल लड्ढा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेहरौली की प्रथम पुण्यतिथि पर 71 यूनिट रक्त संग्रह, ममता ब्लड बैंक, चौमू द्वारा रक्त संग्रह किया गया । पप्पू पेंटर ने बताया कि शिविर बुधवार को प्रात: 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। शिविर में पार्षद विनेश कुमार सैनी, ओम प्रकाश सैनी ''प्रधान,'' योगेश तिवारी, कैलाश सैनी ,डा.विक्रम सैनी, अमित , ललित कुमार सैनी, बाबूलाल सैनी, राम सैनी, रामपाल सैनी, अजय कुमार सैनी, हरि नारायण सैनी आदि ने सेवा प्रदान की।

रुण्डल में 51 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आज से

मानपुरा माचेड़ी। निकटवर्ती ग्राम रुण्डल के केवलदास जी स्थान पर गुरुवार 27 फरवरी से 51 कुंडीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ शुरू होगा।यज्ञ को लेकर बुधवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।सुबह 11 सौ महिलाए यज्ञ स्थल तक जल कलश यात्रा निकालेगी।सात दिवसीय यज्ञ का समापन 6 मार्च को होगा।गुरुवार को कलश यात्रा के बाद अरणी मंथन के साथ यज्ञ प्रारम्भ हो जाएगा।प्रतिदिन सांयकाल में रामकथा का वाचन भी होगा। इसअवसर पर मुख्य यजमान शिवपाल दुसाद, अजय सिंह रुण्डल, हरफूल बटोटिय, मुक्ती लाल दंगड, श्याम तिवाड़ी, बद्री बेजरा मौजूद थे।

कृषि उपज मंडी व्यापार चार दिन से बंद

निवाई। राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के आ ान पर कृषि उपज मंडी में पिछले चार दिन से व्यापार बंद है। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचन्द बोहरा ने बताया कि राज्य सरकार व्यापारियों की मांगों पर विचार नहीं कर रही है। जिससे राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया 25 फरवरी को कूकर खेड़ा जयपुर में मंडी व्यापारियों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें करीब 247 मंडियों के व्यापारियों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार मांगों पर विचार नहीं करती तो 2 मार्च तक सभी मंडियों में क्रय विक्रय बंद रहेगा। जिसको लेकर 4 दिन से निवाई कृषि उपज मंडी में भी क्रय-विक्रय बंद है।

जलाभिषेक किया

दूदू । उपखंड के अधीन विभिन्न शिवालयों में शिवरात्रि के अवसर पर भक्त जनों द्वारा पूजा अर्चना की जाकर जलाभिषेक किया गया इस अवसर पर गैजी स्थित शैलेश्वर महादेव स्थित दूदू परिसर स्थित गंगेश्वर महादेव चौराहे पर स्थित चमत्कारेश्वर महादेव के दिन भर भक्त जनों का तांता लगा रहा चौराहे पर स्थित शिवालय में सरदार सिंह नाहर के नेतृत्व में भजन मंडली द्वारा कीर्तन किया जाकर भक्त जनों को भाव विभोर कर दिया गया।

स्वागत किया

दूदू । फरवरी उपखंड मुख्यालय पर महाकुंभ प्रयागराज की यात्रा कर लौटने के बाद यात्रियों का महिला मंडल द्वारा स्वागत किया गया महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रूप कंवर सा के नेतृत्व में स्वागत किया गया इस दौरान विमला देवी मनभर देवी सज्जन कंवर दिलखुश शर्मा सोनू वैष्णव सहित महिला मंडल की कार्यकारिणी मौजूद रही।

बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर से भव्यता से निकली शोभायात्रा

पावटा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच बम बम भोले के जयकारे गूंज उठे। सुबह से ही शिव भक्त मंदिरों में पहुंच गए। जहां श्रद्धालुओ ने भांग, धतूरा, बेल पत्र, फल और पूजा सामग्री से बाबा भोले की पूजा की जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। जलाभिषेक के लिए पहुंचे भक्त महादेव से अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए।

वहीं महाशिवरात्रि के पावन अवसर कमेटी द्वारा मंदिर को भव्यता से सजाया गया। इस अवसर पर शाम को बाबा भूतनाथ सज दज दूल्हा बनकर पावटा स्थित बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर से शाही सवारी के रूप में बारात लेकर नगर भ्रमण पर निकले। बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर कमेटी के तत्वाधान व महंत जयराम दास महाराज के सान्निध्य में महाशिवरात्रि महोत्सव पर शाही लवाजमे के साथ भव्य शिव बारात निकाली गई। जहां भक्तों ने भी भोले की शाही सवारी का स्वागत अभिनंदन करने के लिए पलक पावडे बिछाते हुए पूरे नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बाबा भूतनाथ की शाही सवारी का स्वागत अभिनंदन किया। भोले बाबा की शाही सवारी श्याम 5:00 बजे बाबा भूतनाथ जोड़ा धाम मंदिर से पूरे शाही लवाजमे के साथ निकली।

वही शिव बारात शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

- आदर्श रामलीला मैदान में शिव पार्वती विवाह की भव्य झांकी का आयोजन व महाआरती का आयोजन

महिलाओं और युवतियों ने हाथों में ध्वजा लेकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर से शुरू होकर पावटा कस्बा घंटाघर चौक, चमत्कारी चौराहा, होली चौक, सुभाष चौक सहित मुख्य मार्गो से होते हुए आदर्श रामलीला मैदान पहुंची। यहां भगवान शिव और माता पार्वती का जयमाल कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं बारात में भगवान शिव, पार्वती की बारात देखने के लिए भक्तों का जनसैलाब बाजारों व सड़क के दोनों तरफ उमड़ पड़ा। खासकर बाबा भोले शंकर, विष्णु, हनुमान, राक्षस, रावण सहित कई देवी देवताओं की आकर्षक झांकी निकाली गई ।बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या मे भागीदारी उल्लेखनीय रही। वहीं भोलेनाथ की बारात में नगर के सभी समाज सेवी, नेता, युवाओं की टीम मौजूद रही। महादेव के विवाह में शामिल हुए भक्तों ने जमकर नृत्य किया। हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

आदर्श रामलीला मैदान में पहुंच विधि विधान से झांकी में उपस्थित भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का जयमाला सहित विवाह की रीति के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों का विशेष योगदान रहा।

15 पेटी अवैध देशी घूमर शराब जब्त की

दौसा। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंडावर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने पिकअप वाहन में भरी 15 पेटी अवैध देशी घूमर शराब जब्त की, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है। यह पिकअप पहाडबन्ध के पास मेन रोड पर खड़ी मिली। जैसे ही पुलिस वहां पहुंची, वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। जब पिकअप की तलाशी ली गई, तो उसमें 15 पेटी देशी घूमर शराब बरामद हुई। पुलिस ने वाहन को जब्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फरार तस्कर की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी कमलेश कुमार मीना के साथ एएसआई हरदयाल, संजय सिंह, भागचंद, गजेंद्र सिंह, नंदकिशोर और वीरपाल शामिल रहे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर भव्य जुलूस के साथ दिया निमंत्रण

चौरु/उनियारा। उनियारा तहसील के समस्त माली (सैनी) समाज के पंच पटेलों द्वारा बुधवार 26 फरवरी 2025 को सुबह नौ बजे बैंड बाजे के साथ उनियारा तहसील के सैनी समाज के महिला,पुरुष,व बच्चे भव्य जुलूस के रूप में भगवान गणेश जी महाराज को निमंत्रण देने के लिए माली समाज छात्रावास सवाई माधोपुर रोड से डीजे,झंडा के साथ रवाना हुए। आखातीज के उपलक्ष पर आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए गणेश जी निमंत्रण के लिए सैनी छात्रावास उनियारा से बैंड बाजा डीजे,झंडा,जुलूस के रूप में महिला पुरुष,बच्चे रवाना होकर गणेश मंदिर कृषि मंडी उनियारा महिला,पुरुष नाचते गाते जयकारे लगाते हुए पहुंचें।और वहां पर सभी समाज के पंच पटेलों ने भगवान गणेश जी महाराज को विधि विधान से पाठ पूजन कर गणेश जीमहाराज को निमंत्रण दिया। पंच पटेलों द्वारा माली समाज के संरक्षक बद्री लाल भारती पचाला ने बोली लगाई जिसमें शंकर लाल सैनी पान वाले ने 1लाख 24 हजार में बोली छुड़ाई गणेश जी महाराज की प्रतिमा को सिर पर धारण कर विशाल जुलूस के साथ चलने के लिए बोली लगाई कैलाश देवी रिटायर्ड अध्यापिका उसके बाद भगवान गणेश जी महाराज के यहां से वापस विशाल जुलूस रैली के रूप में गणेश जी महाराज के यहां से रवाना होकर खतौली गेट,सिंह द्वारा,कटला बाजार,न्यू मार्केट सरदार सिंह सर्किल,बस स्टैंड होते हुए माली समाज की छात्रावास में पहुंचे और वहां पर संबोधन कार्यक्रम भी हुआ।

महिला, पुरुष नाचते गाते जयकारे लगाते हुए गणेश मंदिर कृषि मंडी उनियारा पहुंचें।

- आखातीज 30अप्रैल बुधवार को उनियारा में आयोजित होगा माली समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन

कार्यक्रम में उनियारा उपखंड के आसपास के कस्बे नाहरा, बनेठा, उनियारी, दोबाडिया, अलीगढ़, सोप , सुथडा, डाबला, बालिथल, सोरजपुरा, नसिया, पलाई डिकोलिया, चोरू,ककोड, हवाला शामला गांव पचाला, मुबारक नगर, बामनिया आदि कई गांव कस्बे से कई समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे।

दिव्यांगों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा : जितेन्द्र चंवरिया

निवाई। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति एव महावीरप्रसाद जैन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वावधान मे राजस्थान सरकार के पूर्व सरकारी मुख्य सचेतक स्व. महावीरप्रसाद जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित जिला स्तरीय दिव्यांग सहायता शिविर का समापन समारोह पूर्वक किया गया। दिव्यांगों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। आयोजित जिला स्तरीय दिव्यांग सहायता शिविर में दिव्यांगजनों का रजिस्ट्रेशन करके विशेषज्ञों व चिकित्सकों द्वारा शिविर स्थल पर ही उनकी नि:शुल्क जांच की गई एवं चिकित्सक परामर्श के उपरान्त उन्हे सहायता उपकरण वितरित किए गए। शिविर संचालन टीम के पवन बोहरा व सुशील गिन्दोडी ने बताया की शिविर मे तीन दिवसीय शिविर में दिव्यांगजनों को 150 ट्राईसाईकिल, 75 व्हीलचेयर, 70 बैसाखी, 50 कृत्रिम हाथ पैर, 100 छडी, 25 केलीपर व 300 श्रवण यन्त्र वितरण किए गए।

शिविर मे आने वाले समस्त दिव्यांगजनों एवं उनके अभिभावकों के लिए नि:शुल्क आवास व भोजन की व्यवस्था पुण्याजर्क चंवरिया परिवार द्वारा की गई।दिव्यांगजनों के पैर की नाप लेकर मेन्युफेक्चरिंग कर फेमस जयपुर फुट बनाकर वितरित किए गए साथ ही शिविर से एक भी दिव्यांग निराश नही लोटे। शिविर में दिव्यांगजनों के चेहरे पर आत्म सन्तुष्टि का भाव रहा। उल्लेखनीय है कि स्व. महावीरप्रसाद जैन चार बार विधायक व दो बार मुख्य सचेतक रहते हुए। गरीब, दिन हीन व मानव सेवा में सदेव अग्रणी रहते थे और वही संस्कार उनके दोनो सुपुत्रों में है। जिन्होंने अपने पिताजी के बताए आदर्शो पर चलकर समाज एव मानव सेवा को समर्पित होकर गत वर्ष नि:शुल्क केंसर जांच एव निदान शिविर का आयोजन किया और इस वर्ष दिव्यांग सहायता शिविर किया।

महावीरप्रसाद जेन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट का गठन किया गया। जो समय समय पर मानव सेवा हेतु अग्रणी भूमिका में रहा है। उन्होंने शिविर में सहयोग प्रदान करने वाली सभी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं व शिवीर में भाग लेने वाले महानुभावों का हार्दिक आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मनोज पाटनी, राजेश चोधरी, राकेश बोहरा, कपील खण्डेलवाल, सीताराम शर्मा, सुरेन्द शिवाड, शिवराज चंवरिया, महेश गुप्ता, भाजपा नेता रतनदिप गुर्जर, योगेन्द्र सिंहल, अनिल भावना, नितिन चंवरिया, विमल जौंला, सोनु सिघल, विनोद कठमाणा, रवि शर्मा व ओम चंवरिया ठेकेदार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

दिव्यांगजनों को 770 सहायता उपकरण नि:शुल्क वितरीत किए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने रीट परीक्षा को लेकर कड़ी निगरानी के दिए निर्देश

दौसा। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 27 एवं 28 फरवरी को दौसा जिले में 47 केन्द्रों पर राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) आयोजित होगी। परीक्षार्थियों का परीक्षा समय से एक घंटा पूर्व केंद्र में प्रवेश बंद कर दिया जाएगा।परीक्षार्थी का परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा शुरू होने के दो घण्टा पहले पहुंचना अपेक्षित है, ताकि पुलिस द्वारा फ्रिस्किंग आदि समय से की जा सके और परीक्षार्थी को कोई दुविधा नहीं हो।

अतिरिक्त जिला कलक्टर मनमोहन मीणा ने बताया कि आगामी 27 एवं 28 फरवरी को दौसा जिले के 47 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में रीट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। पहली पारी की परीक्षा सुबह 10 बजे और दूसरी पारी की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से शुरू होगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर परीक्षार्थियों के लिए जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षार्थी का परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने के दो घण्टा पूर्व पहुँचना अपेक्षित है, ताकि पुलिस द्वारा फ्रिस्किंग आदि समय से की जा सके। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी को परीक्षा समय से एक घंटा पूर्व केंद्र में प्रवेश करना अनिवार्य है। उसके बाद प्रवेश पूर्णत: बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी को प्रात: पारी में सुबह 9 बजे तथा अपराह्न पारी में दोपहर बाद 2 बजे के पश्चात् परीक्षा केन्द्र में प्रवेशाज्ञा नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा समाप्ति से पूर्व परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर मनमोहन मीणा ने बताया कि परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में अपने साथ प्रवेश-पत्र, नीला एवं काला पारदर्शी बॉल पॉईन्ट पेन, कोई एक मान्य फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र मुख्यत: आधार कार्ड एवं इसके अनुपलब्ध होने पर अन्य राजकीय फोटोयुक्त पहचान-पत्र (यथा ड्राइविंग लाईसेंस, निर्वाचन पहचान-पत्र आदि) मय स्वप्रमाणित फोटो प्रति लाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री लाने की अनुमति नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल, कैलक्यूलेटर, ब्लूटुथ या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक उपकरण, घड़ी आदि, किसी प्रकार का आभूषण, पर्स, हैण्डबैग, डायरी इत्यादि लाना निषेध है। परीक्षार्थी इस प्रकार की कोई सामग्री साथ लाता है तो उसे अपनी स्वयं की जिम्मेदारी पर परीक्षा केन्द्र के बाहर रखना होगा। परीक्षा केन्द्र पर इन वस्तुओं को रखने व सुरक्षा की कोई व्यवस्था एवं जिम्मेदारी नहीं होगी।

अटल प्रगति पथ निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए स्वीकृत

पावटा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड की अनुसंशा पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 4 करोड़ की सड़क स्वीकृत करवाकर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है। विधायक कुलदीप धनकड निजी सहायक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव मेड - बीलवाड़ी सड़क से खेड़ा की ढाणी एम डी आर 321 वाया झुमका मंदिर, बड की ढाणी, कपासन माता मंदिर तक तक 3 किलोमीटर सड़क के लिए 4 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस सड़क निर्माण से क्षेत्र के कई गांवों को आवागमन में सुलभता होगी तथा समय व धन की बचत होगी।

विधायक कुलदीप धनकड ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्र कार्य शुरू करवा कर गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर कार्य पूरा करवाने के निर्देश दिए हैं। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के लिए संकल्पबद्ध है।

शिव के भक्तों ने जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की

दौसा। शिवरात्रि का महापर्व जिलेभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान शिव के भक्तों ने जलाभिषेक, पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

दौसा के पहाड़ी पर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह होते ही भक्तों की कतारें मंदिर की ओर बढ़ने लगीं। 365 सीढ़ियां चढ़कर लोग भगवान शिव के दर्शन करने पहुंचे। मंदिर प्रशासन ने भक्तों की सुविधा के लिए महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग कतारें बनाई। श्रद्धालु रैंप के रास्ते से भी मंदिर पहुंचे। भगवान शिव को जल, बिल्वपत्र, आक, धतूरा, भांग, चंदन, अक्षत, पुष्प और प्रसाद अर्पण कर ''भोलेनाथ'' के जयकारे गूंज उठे। बाबा भूतनाथ के त्रिवेणी संगम की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। अन्य मंदिरों में भी भक्तों की भीड़:- पंच महादेव नगरी दौसा में नीलकंठ महादेव मंदिर के अलावा गुप्तेश्वर महादेव, सहज नाथ, बैजनाथ और सोमनाथ महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर गली-मोहल्ले के शिवालयों में भी शिव आराधना और अभिषेक किया गया। शिवरात्रि के अवसर पर महिलाओं ने ''जेगड़'' अर्पण की, जिससे घरों में मंगल गीतों की गूंज सुनाई दी। भक्तों ने अपने घरों में पकवान बनाकर भगवान शिव को भोग अर्पित किया और प्रसाद ग्रहण किया।

गुप्तेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करते भक्त।

सफल रीट परीक्षा को लेकर प्रशासन ने की तैयारी

खैरथल। राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) का आयोजन जिला खैरथल तिजारा के 12 परीक्षा केन्द्रों पर 27 फरवरी 2025 को लेवल-1 (प्रथम पारी) में प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक तथा लेवल-2 (द्वितीय पारी) दोपहर 3 बजे से 05.30 बजे तक व 28 फरवरी 2025 लेवल-2 (तृतीय पारी) प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक किया जाना है। जिले में कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर रीट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 12,267 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो दिनों में दो-दो पारियों में आयोजित की जाएगी-27 फरवरी को प्रथम पारी में 3,934 अभ्यर्थी, द्वितीय पारी में 4,107 अभ्यर्थी तथा 28 फरवरी को प्रथम पारी में 4,226 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं परीक्षा समन्वयक शिवपाल जाट ने बताया कि 12 केंद्राधीक्षक, 14 उपकेंद्राधीक्षक, 12 पर्यवेक्षक 12 पेपर कोऑर्डिनेटर , 4 फ्लाइंग स्क्वाड परीक्षा सफलतापूर्वक करवाने के लिए सतर्क रहेंगे।

सार-समाचार

शिवरात्रि पर कुंभ में स्नान किया

सांभरझील, (निसं)। सांभर से शिव भक्तों की टोली वकील सुनील शर्मा के नेतृत्व में कुंभ स्थान के लिए मंगलवार को रवाना हुई। श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा ने देवयानी स्थित जागेश्वर दरबार में पूजा अर्चना के बाद भक्तों की टोली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वकील सुनील शर्मा ने बताया कि प्रयागराज में सरकार की ओर से जो बेहतर इंतजार किए गए हैं उससे हम सभी अभिभूत हैं और हमने सहजता के साथ कुंभ में डुबकी लगाई। विभिन्न मंदिरों के दर्शन कर अयोध्या में श्री राम मंदिर में पूजा अर्चना की। महाशिवरात्रि के पावन मौके पर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक किया गया तथा शिव से प्रार्थना की गई की सभी की आध्यात्मिक और सर्वांगीण उन्नित हो।

वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

निवाई। वनस्थली विद्यापीठ के गृहविज्ञान संकाय के मानव विकास क्षेत्र के तत्वाधान में एमएससी मानव विकास की छात्राओं द्वारा वरिष्ठ नागरिकों हेतु परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में रविकांत पुरोहित, सीताराम शर्मा, विमल जैन, निर्भय सिंह एवं स्वप्न कुमार दत्ता आदि वरिष्ठ जन ने प्रतिभागिता की। छात्राओं ने कार्यक्रम का आरंभ वरिष्ठजनों का तिलक, आरती एवं गुड़ खिला कर किया। सत्र में मानसिक स्वास्थ्यए ध्यान एवं कला कृति चित्रण भी किया गया। सभी से उनके जीवन में हो रहे परिवर्तनों पर चर्चा की। वरिष्ठजनों ने छात्राओं को उनके द्वारा प्रयोग की गई कोपिंग नीतिया, तनाव का सामना करने के कौशल एवं वरिष्ठजन को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। सत्र के अंत में सभी का फीडबैंक स्चनात्मक तरीके से लिया गया। वरिष्ठ जनों ने कार्यक्रम की सराहना की और इसे वृद्धक स्तर पर किए जाने का अनुमोदन किया। सभी की विदा छात्राओं द्वारा बनाए गए बुकमार्क देकर की गई। कार्यक्रम का संचालन अगीला चंद्रन, आर्ची राठी, नीलम पालीवाल, शिविका पॉल व श्रेया चौहान द्वारा श्वेता दूबे के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में कु. विशाखा तिवारी एवं मोहनलाल शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

हथियार सहित युवक गिरफ्तार

दूदू। स्थानीय थाने की पुलिस ने दूदू स्थित औद्योगिक क्षेत्र में अवैध रूप से हथियार लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार कर धारदार हथियार जब्त कर लिया पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस थाने में सूचना मिली कि रिको एरिया में एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है के बाद थाना में निरीक्षक मुकेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर अमन बैरवा निवासी महला को गिरफ्तार कर पूछताछ की युवक के पास बाइक भी भी चोरी की पाई गई तथा आरोपी के खिलाफ आठ विभिन्न स्थानों में मुकदमे दर्ज का प्रकरण भी सामने आया पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है

शिवरात्रि पर निकाली शोभायात्रा

टोंक। जिले में शिवरात्रि का पर्व उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया गया, जहां मुख्यालय स्थित सभी शिवालयो भक्तो द्वारा पूजा अर्चना और जलाभिषेक किया गया। शहर में प्राचीन मन्दिर महादेवाली व मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मन्दिर में लोगो ने काफी बडी संख्या में दर्शन किये। इस क्रम में पीपलू उपखंड के ग्राम झिराना में शिवरात्रि पर विशालकाय शोभायात्रा का आयोजन किया गया। झिराना केदारनाथ समिति अध्यक्ष शंकर चौधरी ने बताया शिवरात्रि को मध्य नजर रखते हुए मंगलवार रात्रि केदारनाथ धाम पर भजन कीर्तन व विद्वान पंडितो द्वारा पूजन किया गया, जहां हजारों की तादात में भगवान केदारनाथ के भक्तों ने दर्शन किए।

ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत

पावटा। कस्बा पावटा में बावड़ी के पास जयपुर जा रही पिकअप में मंगलवार रात करीब 9.30 बजे एक ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे पिकअप के डाले में बैठे लोगों में एक युवक की मौत हो गई व डाले में बैठे लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची प्रागपुरा थाना गंभीर घायल को पावटा उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार रात करीब 9.30 बजे पावटा बावड़ी के पास आगे चल रहे ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही पिकअप ने भी अचानक ब्रेक लगा दिए जिस पर पिकअप के पीछे चीनी से भरे ट्रेलर ने पिकअप में टक्कर मार दी । जिस पर पिकअप के डाले में सबसे पीछे बैठे युवक में सिर में गंभीर चोट आई। जिसे गंभीर हालत में पावटा उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पिकअप के डाले में 5- 6 लोग बैठे थे अचानक आगे चल रहे ट्रेलर के ब्रेक लगने से उसने भी ब्रेक लगा दिए जिस पर पिकअप के पीछे आ रहे ट्रेलर ने पिकअप में टक्कर मार दी जिस पर पिक के डाले में बैठे युवक राजन राम पुत्र जोगीराम उम्र 25 साल निवासी कुंभराडी बिहार की मौत हो गई। इस दौरान करीब एक घंटे तक हाइवे पर आवागमन बाधित रहा। जिस पर प्रागपुरा थाना पुलिस ने क्षितग्रस्त वाहनों को एक तरफा कर यातायात सुचारु करवाया। पुलिस की सूचना पर राजन राम के परिजन भी पहुंच गए और शव देखते ही कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर घर चले गए।

अखिल भारतीय घोष दिवस में गुणवत्ता पूर्ण पथ संचलन निकाला

अलवर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से महाशिवरात्रि पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से आयोजित अखिल भारतीय घोष दिवस में गुणवत्ता पूर्ण पथ संचलन निकाला गया। जो कला कॉलेज से अम्बेडकर सर्किल, भगत सिंह सर्किल, नंगल सर्किल होते हुए नेहरू पार्क तक निकाला। वहीं पर मुख्य वक्ता आरएस के क्षेत्रीय कार्यवाह जसवंत खत्री रहे। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर करतार सिंह थे। अखिल विभाग संघ के चालक कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि आरएसएस के स्वयंसेवकों का गुणवत्ता पथ संचलन तथा घोष प्रदर्शन किया गया। पथ संचलन बाबू शोभाराम राजकीय कला कॉलेज से से शुरू होकर जेल चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, भगत सिंह चौराहा, बिजली घर चौराहा, अशोक चौराहा से होते हुए नेहरू पार्क पर समाप्त हुआ। वही हर चौराहे व जगह जगह पर स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा की गई। इस मौके पर क़रीब ढाई सौ से अधिक स्वयंसेवक पथ संचलन में शामिल हुए।

छात्रा से दुष्कर्म कर दी विडियों वायरल करने की धमकी

देवली। देवली थाना क्षैत्र में स्कूल जा रही नाबालिग छात्रा का किडनैप कर दो युवको ने छात्रा को होटल ले जाकर किया गैंगरेप तथा अश्लील विडियों बनाकर वायरल करने की दी धमकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय छात्रा 25 फरवरी को अपने गांव से देवली स्कूल जा रही थी, तभी आरोपी अशोक खटिक व उसका साथी आजाद मीणा ने छात्रा को धमकाकर बाईक पर बैठाया और एक होटल पर ले गए, जहां उन्होने उसके साथ दुष्कर्म किया। वही पीड़िता के पिता ने मंगलवार को रिपोर्ट कराकर दोनो आरोपियों को छात्रा के साथ दुष्कर्म करने व अश्लील विडियों वायरल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार करने की मांग की। थानाधिकारी दौलतराम ने बताया की मामले को गम्भीरता से लेते हुए दोनो आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज कर, जल्द ही आरोपियों को पकडने के लिए तलाश जारी है।